## एक नजर में

### जनसुनवाई में सुनी आमजन की समस्याएं

**राजगढ़ 01 अक्टूबर, का.** जिला मुख्यागलय पर प्रति मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में आमजन की समस्या ओं का निराकरण किया जाता है. आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टसर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अर्पित गुप्ता, अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चौहान, अनुविभागीय (राजस्वि) अधिकारी सुश्री निधि भारद्वाज सहित संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे. आयोजित जनसुनवाई में ग्राम देवीखेडी छोटी पोस्ट भाटखेडी तहसील खिलचीपुर निवासी बलदेव सिंह चौहान ने बताया कि आवेदक इंदौर से भाटखेडा के लिए बैठा था जिसका किराया 200 रूपये था. आवेदक दिव्यांसग है जिससे म.प्र. शासन परिवहन विभाग के आदेशानुसार दिव्यांगजनों को बस का किराया पूरा नहीं लगता. फिर भी आवेदक से बस का किराया पुरा लिया गया, जिससे आवेदक को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा. कलेक्टर द्वारा परिवहन अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया. कार्यवाही करते हुए आवेदक बलदेव सिंह चौहान को पुनः बस किराया दिलाया गया.

### अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर हुआ आयोजन

**राजगढ़ 01 अक्टूबर, का.** ब्रह्माकुमारीज के शिव वरदान भवन में गौरवपूर्ण वृद्धावस्था एवं सम्मानित जीवन विषय पर अंतराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस का आयोजन किया गया. इस अवसर पर पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, जिला पंचायत के एडिशनल सी ई ओ अर्पित गुप्ता, समाजसेवी राजेंद्र काका, रिटायर्ड एसडीओ आर सी शर्मा एवं ब्रह्माकुमारीज़ की राजगढ़ जिला प्रभारी ब्रह्माकुमारी मधु दीदी एवं नगर के अनेक वरिष्ठजन, वृद्धजन उपस्थित रहे. सभी का तिलक लगाकर एवं अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया. इस अवसर पर रघुनंदन शर्मा ने बताया कि इस दिवस पर वरिष्ठजन अपने अधिकार की स्मृति के साथ साथ समाज को कुछ देने का कर्तव्य भी याद रहे. हरेक वरिष्ठजन एक चलती फिरती पाठशाला है, जिससे अपने जीवन के अनुभव दूसरों को मिलते रहे. अर्पित गुप्ता ने बताया कि आप सभी को वरिष्ठजन या अनुभवी जन कहा जाना चाहिए. हमें चाहिए कि सम्मान और प्यार के अतिरिक्त आपको समय भी दें. मधु दीदी ने कहा कि सभी के तन में विराजमान आत्मा कभी वृद्ध नहीं होती, कभी बीमार नहीं होती. परमपिता परमात्मा भी वर्तमान धर्म ग्लानि के समय प्रजापिता ब्रह्मा के अनुभवी वृद्ध तन में प्रवेश कर विश्वपरिवर्तन का कार्य करते हैं। सभी वरिष्ठ जनों से आध्यात्म से जुड़ने का आह्वाहन किया ताकि आपके अनुभवों का लाभ समाज को मिलता रहे. अंत में सभी को ईश्वरीय सौगात देकर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम का संचालन ब्रह्माकुमार प्रवेश ने किया.

# घर में सो रही वृद्ध महिला की हत्या

## खून से सना मिला शव, घर पर अकेले थी महिला, लकवा पीड़ित थी महिला, पुलिस जुटी जांच में

नवभारत न्यूज

**माचलपुर 01 अक्टूबर, सं.माचलपुर स्थित लोधा मोहल्ले मे मंगलवार की रात्रि को एक वृद्ध महिला की जघन्य हत्या किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है. घर में सो रही महिला का शव खून से सना हुआ मिला. प्रथम दृष्टया यह हत्या का मामला प्रतीत हो रहा है. मृत महिला लकवा से पीड़ित थी.**





जानकारी के अनुसार रात्रि के समय एक 70 वर्षीय वृद्ध महिला का शव संदिग्ध परिस्थिति में उन के ही घर के अंदर खून से लथपथ अवस्था में मिला. महिला के सिर पर गहरी चोट के निशान है. प्राप्त जानकारी के अनुसार सरदार बाई लववंशी पति भंवरलाल लववंशी उम्र 70 वर्ष रात को घर में अकेली थी. जबकि परिजन नवरात्रि महोत्सव में गरबा देखने गए हुए थे. जब रात्रि में परिजन घर लौटे तब घटना का पता चला. महिला के पति भंवर लाल लववंशी आए और जब उन्होंने देखा कि घर का गेट अंदर से बंद है उन्होंने आवाज लगाई जब अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई तो उन्होंने कुछ देर रुककर अपनी बेटी के आने का इंतजार किया. रात्रि 11.30 बजे के आसपास उनकी बेटी आई और आवाज लगाने पर भी कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई तब पड़ोस के व्यक्ति को बुलाया और मकान से लगे मकान की छत से मकान का मेन गेट खुलवाकर जैसे ही अंदर गए तो महिला के मुंह से खून बह रहा था. सिर में गहरी चोट के निशान थे. शोर सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए. महिला ने गंभीर चोट के चलते मौके पर ही दम तोड़ दिया था.

### पुलिस जुटी सघन जांच में

घटनास्थल से एक फावड़ा खून से सना मिला. जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची. थाना प्रभारी पूजा परिहार ने मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना किया. रात्रि में डॉग स्क्वाड और फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलावा तथा साक्ष्य एकत्रित किए गये. पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा. बुधवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया तत्पश्चात महिला का अंतिम संस्कार कर दिया गया.



# कीचड़ के बाद अब धूल से सामना

**राजगढ़ सहित अन्य मार्गों पर हैं साइडें कच्ची**

**पुराना ए.बी.रोड पर पैवर्स लगने से मिली राहत**

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 01 अक्टूबर, का. नगर के पुराना ए.बी.रोड पर पैवर्स लगने से भले ही धूल कीचड़ से कुछ राहत मिली है किंतु नगर के राजगढ़ रोड, सुठालिया रोड सहित प्रमुख मार्गो की साइडे अभी भी कच्ची होने से कीचड़ और धूल की परेशानी बरकरार है. बारिश में कीचड़ के बाद अब धूल उडने़ लगी है.**

गौरतलब है कि नगर में कीचड़ एवं धूल की मुख्य समस्या रही है. नपा द्वारा पुराना ए.बी.रोड पर विगत माह पूर्व पैवर्स लगाए गये किंतु राजगढ़ रोड, सुठालिया बायपास रोड सहित अन्य मुख्य मार्गो पर साइड कच्ची ही है. बारिश में साइड पर जमा मिट्टी कीचड़ का रुप ले लेती है.

### स्वास्थ्य के लिए हानिकारक

राजगढ़ रोड, सुठालिया बायपास आदि मुख्य मार्गो पर सड़क के दोनों और साइड कच्ची है. सामान्य दिनों में यहां वाहनों के पहिए से धूल के गुब्बार उड़ते नजर आते है. ये धूल हानिकारक होकर स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाते हुए कई रोगों को जनम देती है.

वाहनों के पहिए से धूल के गुब्बार भारी परेशानी का कारण बनते है. वर्तमान में बारिश का सिलसिला थमते ही धूल उडने़ लगी है.

**फिलहाल नहीं कोई राहत** राजगढ़ रोड, सुठालिया बायपास व अन्य मुख्य मार्गो की साइड पर पैवर्स लगाए जाने हेतु फिलहाल नपा की और से कोई योजना नहीं है. राजगढ़ रोड एवं सुठालिया बायपास पर काफी व्यस्त यातायात रहता है. वाहनों की भागदौड़ के बीच साइडो पर जमा धूल उड़कर घर, दुकानों तक पहुंचती है.

# सचिव निलंबित, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी की वेतन वृद्धि रोकी



नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 01 अक्टूबर, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा संवाद से समाधान कार्यक्रम के तहत प्रति मंगलवार को आयोजित होने वाले संवाद कार्यक्रम में लंबे समय से लंबित सीएम हेल्पमलाईन की रेण्डरमली 5 से 6 शिकायतों का लोकसेवा गारंटी के तहत चयन किया जाता है. इसी तारतम्य् में मंगलवार को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की 6 शिकायतों का चयन किया गया था. कलेक्टोरेट सभागार में शिकायतकर्ता और संबंधित अधिकारी की उपस्थिति में शिकायतकर्ता और संबंधित अधिकारियों को अपने सम्मुंख सुना और शिकायतों का निराकरण करवाया. साथ ही गैर जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारियों पर कार्यवाही के निर्देश दिए. शिकायतकर्ता सीताराम लोधी द्वारा बताया कि उनकी पत्नी् का नाम समग्र आईडी से हटा दिया गया हैं. आवेदक से आधार कार्ड बनवाए जाने का कहा जा रहा है और आधार कार्ड नहीं बनाया जा रहा हैं. आवेदक का फिंगर नहीं आने से आधार कार्ड नहीं बन पाया कलेक्टनर डॉ. मिश्रा ने ई-गर्वेनेंस प्रबंधक को निर्देशित किया कि तीन दिवस में शिकायतकर्ता का उचित निराकरण करें. शिकायतकर्ता रामचंद्र दांगी द्वारा बताया गया कि मेरी पत्नी का नाम सीलाबाई है हम पूर्व से ही विवाहित हैं. समग्र आईडी में हमें अविवाहित किया गया हैं. जिससे मेरी पत्नी का नाम समग्र आईडी में व अन्यई शासन की योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह रहे हैं. शिकायत पर उचित कार्यवाही नहीं करने पर सामाजिक सुरक्षा अधिकारी जीरापुर की एक वेतन वृद्धि रोकने व जनपद पंचायत जीरापुर को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए. शिकायतकर्ता रजनीश दांगी द्वारा बताया गया कि मेरे ससुर हजारीलाल दांगी जीवित है पंचायत सचिव द्वारा लापरवाही करते हुए समग्र आईडी में सदस्यर को मृत घोषित कर दिया गया हैं। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टयर डॉ. मिश्रा ने तत्का लिन पंचायत सचिव श्री प्रेमसिहं दांगी को निलंबित करने व जनपद पंचायत सीईओ खिलचीपुर की एक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए.

शिकायतकर्ता विकाश चक्रवाती द्वारा बताया गया कि मेरे समग्र आईडी नगर पालिका द्वारा जनरेट की गई थी. लेकिन में परिवार का मुखिया हुं मेरे नाम की जगह अन्यय व्यरक्ति श्री अनल सक्सेंना निवासी ग्वानलियर का समग्र में कर दिया गया था। शिकायतकर्ता का निराकरण नगर पालिका नरसिंहगढ से कर दिया गया है. शिकायतकर्ता नौसाद अली के द्वारा बताया गया कि मेरी परिवार आईडी में चार अज्ञात लोगों के नाम जोड दिए गए है जिससे आवेदक को काफी समस्याएं हो रही हैं. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सामाजिक सुरक्षा अधिकारी, नगर पालिका राजगढ़ वार्ड प्रभारी की एक-एक वेतन वृद्धि रोकते हुए निर्देशित किया कि तीन दिवस में शिकायत का निराकरण करे. इस अवसर पर संबंधित अधिकारी व शिकायतकर्ता उपस्थित रहें.



### शीतला माता के मंदिर में कन्या भोज का आयोजन

**जीरापुर 01 अक्टूबर, सं.** शीतला माता महिला मंडल द्वारा विगत लगभग 22 वर्षों से मां जगत जननी शीतला माता के दरबार में कन्या भोज का आयोजन किया जाता है. 23 वें वर्ष में भी कन्या भोज आयोजन दोपहर 12 बजे मां शीतला की पूजा अर्चना चुनरी चढ़ाकर आरती कि गई तत्पश्चात कन्या भोज प्रारंभ हुआ जिसमें बड़ी संख्या में कन्याओं ने सम्मिलित होकर महाप्रसादी ग्रहण की. महिलाओं द्वारा कन्याओं के कुमकुम अक्षत लगाकर पांव पूजन कर आशीर्वाद लिया माता के दरबार में हर जाति वर्ग के लोग माता पूजन करने के लिए आते हैं यहां पर सच्चे मन से की गई मुराद मातारानी पूरी करती है.

### शासन की योजनाओं की दी जानकारी

**तलेन 01 अक्टूबर, सं.** नगर परिषद द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंर्तगत मुख्य नपाधिकारी लीलाधर सेन के निर्देशन में पीएम स्वनिधि अंतर्गत गतिविधि आयोजित की गई. जिसमें स्व-सहायता समूह की महिलाओं को शासन कि योजनाओं के बारे में जानकारी दी. इस मौके पर राधारमण मीणा सामुदायिक संगठक, नगर परिषद कर्मचारी, सहयोगी संस्था अक्षत इको ग्रीन्स फाउंडेशन के सदस्य उपस्थित रहे.

# सुरक्षा की दृष्टि से विसर्जन स्थल पर मोटर बोट तैनात

**सुरक्षा के व्यापक इंतजाम के साथ अमला तैनात**

## भक्तिभाव के बीच होगा प्रतिमाओं का विसर्जन



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 01 अक्टूबर, का. नवरात्रि महोत्सव की समापन पर पूरे भक्तिभाव के बीच प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा. नपा प्रशासन द्वारा पूर्व की तरह इंदौर नाका पुल स्टॉप डेम पर विर्सजन कुंड तैयार किया गया है. यहां सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतेजाम किए गये है.**

विदित है कि नवरात्रि महोत्सव के समापन पर झांकी पाण्डालों में विराजमान प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा. पूर्व की तरह इंदौर नाका पुल के यहां स्टॉप डेम पर विसर्जन किया जाएगा. इस हेतु डेम में पानी रोक दिया गया है. तेज बहाव के चलते डेम के ऊपर से पानी बह रहा है.

विसर्जन स्थल पर नपा प्रशासन द्वारा व्यापक व्यवस्था की गई है. पुलिस प्रशासन द्वारा विसर्जन स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतेजाम किए गये है. यहां मोटर वोट एवं गोताखोर तैनात किए गये है.

# वृद्धजन दिवस पर शतायु वृद्धजन का सम्मान

नवभारत न्यूज

**जीरापुर 01 अक्टूबर, सं.** स्वच्छता सेवा पखवाड़े अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर नगर परिषद द्वारा निकाय क्षेत्र की शतायु 102 वर्षीय वयोवृद्ध गजरीबाई कुंभकार निवासी वार्ड क्रमांक 2 जीरापुर का उनके स्वनिवास पर जाकर शाल श्रीफल द्वारा सम्मान किया गया. शासन निर्देशानुसार नगद 01 हजार सम्मान राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाहा, नगर परिषद देवनारायण दांगी ,कमल भावसार, भगवान सिंह परिहार, मनीष कौशिक आदि कर्मचारी उपस्थित रहे.



# लाल माता मंदिर में लगाया छप्पन भोग

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 01 अक्टूबर, सं.** सोमवार शाम शारदीय सप्तमी को नगर के गाडरी वाडा चौक स्थित प्राचीन लालमाता मंदिर पर इंदौर के पप्पू बहिनिया परिवार द्वारा मां को 56 भोग प्रसादी के रूप में लगाया गया. साथ ही मंदिर में मौजूद श्रद्धालुओं ने माता मंदिर में देवी की विशेष पूजा अर्चना कर आशीर्वाद मांगा. बता दे की लालमाता मंदिर नगर में प्राचीन शक्तिपीठ होकर एक विशेष मान्यता लिए हुए है, जहां निरंतर 200 वर्षो से भी अधिक समय से प्रत्येक वर्ष इंदौर के बहनिया परिवार द्वारा शारदीय नवरात्रि में मां के नवरात्रों के दिनों में आराधना कर विभिन्न प्रकार के आयोजन कराए जाते है. पूरे नों दिनों तक माता की आराधना की जाती है. माता सभी भक्तों की मानोंकामनाएं पूरी करती है.



**सारंगपुर.** नवरात्रि के अंतिम दिन बहिनिया परिवार ने किया जवारे की बाड़ी का विसर्जन,

# प्रतिदिन स्वच्छता अभियान में कर रहे जागरूक

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 01 अक्टूबर, का. स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के तहत नगर पालिका द्वारा तैयार कार्य योजनानुसार नगर के विभिन्न स्थानों पर प्रतिदिन साफ-सफाई कार्य कराया जाकर स्वच्छता संबंधी गतिविधियां कराई गई.**

बुधवार को नगर पालिका के स्वच्छता अमले द्वारा कार्य योजनानुसार स्थानीय सिविल अस्पताल रोड पर मां चामुंडा माता सेवा समिति के झांकी पांडाल में पॉलिथिन का उपयोग नहीं करने की समझाइश दी तथा पॉलिथिन का उपयोग नहीं करने की शपथ दिलाई गई.


निकाय द्वारा नगर के मुख्य मार्गो से स्वच्छता की वाहन रैली निकाली गई तथा नगर के मुख्य पीपल चौराहे पर आमजन को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई. मुख्य नगर पालिका अधिकारी इकरार अहमद के अनुसार स्वच्छता सेवा पखवाड़ा की कार्य योजनानुसार स्वच्छता कार्य नगर में सतत जारी रहेगा. उन्होंने सभी से अपने आस पास साफ सफाई करने का निवेदन किया.

# मुख्य मार्ग पर स्ट्रीट लाइट बंद

## कृषि मंडी रोड पर शाम होते ही छा जाता है अंधेरा

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 01 अक्टूबर, का. नगर में अनेक जगहों पर स्ट्रीट लाइट बंद होने से शाम होते ही अंधेरा छा जाता है जिसके करण राहगीरों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है.**



ऐसा ही समस्या इन दिनों स्थानीय कृषि उपज मंडी के यहां देखी जा सकती है. मंडी, छात्रावास के सामने से सुठालिया बायपास जाने वाले मार्ग पर कई स्ट्रीट लाइट लम्बे समय से बंद है. जिसके कारण शाम होते ही यहां अंधेरा छा जाता है. जबकि इस मार्ग पर काफी आवाजाही रहती है. मार्ग पर अंधेरा होने से मंडी में आने-जाने वालो को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है. बीते सप्ताह भर से स्ट्रीट लाइट बंद है. पूर्व में भी यहां कई दिनों तक स्ट्रीट लाइट बंद रही जिसके कारण राहगीरों को बहुत ही परेशानी का सामना करना पड़ा.

**तैयारियां** ▶ भूमिपूजन की तैयारी पूरी, राज्यमंत्री नारायणसिंह पंवार ने किया निरीक्षण

# ब्यावरा में बनेगा सुविधायुक्त रेस्ट हाउस

**अधिकारियों और निर्माण कार्य से जुड़े ठेकेदारों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए**

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 01 अक्टूबर, का. विकासखण्ड ब्यावरा में जल्द ही एक नए और आधुनिक रेस्ट हाउस का निर्माण कार्य प्रारंभ होने जा रहा है. रेस्ट हाउस के निर्माण हेतु भूमिपूजन की तैयारियां लगभग पूर्ण हो चुकी हैं.**



इस सिलसिले में प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री मत्स्य कल्याण विभाग नारायण सिंह पंवार ने स्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों और निर्माण कार्य से जुड़े ठेकेदारों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. साथ ही लगभग 2 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस रेस्ट हाउस में 4 अत्याधुनिक सुइट्स का निर्माण किया जाएगा, जिससे नगर में आगंतुकों को उच्च स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी.

निरीक्षण के दौरान राज्य मंत्री श्री पंवार ने कहा कि इसी कड़ी में ब्यावरा को भी नए रेस्ट हाउस का उपहार मिलने जा रहा है.

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता और समय-सीमा पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि नगरवासियों और आगंतुकों को शीघ्र ही इसका लाभ मिल सके.

### 9वीं तथा 11वीं में रिक्त सीटों पर प्रवेश ऑनलाइन

**राजगढ़ 01 अक्टूबर, का.** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय कचनारिया (सुस्तानी) में सत्र 2026- 27 हेतु कक्षा 9वीं तथा कक्षा 11वीं में रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं. इच्छुक अभ्यर्थी दी गई वेबसाईट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं. आवेदन की अंतिम तिथि 07 अक्टूबर तक रहेगी.


## निर्विन्ध्या नर्सिंग महाविद्यालय

GNMTST परीक्षा उत्तीर्ण ही प्रवेश के पात्र रहेगें।

सत्र 2025-26 GNM पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रारंभ

| | |
|---|---|
| 1 ऑनलाईन आवेदन एवं संसोधन | 22-09-2025 से 30-09-2025 |
| 2 रिक्त सीटों का प्रकाशन | 29-09-2025 |
| 3 मैरिट सूची का प्रकाशन | 01-10-2025 |
| 4 संस्था का चयन (म.प्र. निवासी) | 02-10-2025 से 07-10-2025 |
| 5 प्रोविजनल अलॉटमेंट जारी प्रथम चरण | 13-10-2025 |
| 6 आवंटित महाविद्यालय में प्रवेश एवं दस्तावेजों का सत्यापन | 14-10-2025 से 18-10-2025 |

(https://dme.mponline.gov.in)

पता:-अभयपुर रोड ग्राम कटारियाखेड़ी ब्यावरा-राजगढ, मोबा.: 9425039231, 7440663447